# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**TERM-1 EXAMINATION (2026-27)**

**HINDI (085)**
**(SET-1)**

Class : VI
Date : 07.09.2026
Admission No.:

Duration: 3:00 Hrs.
Max. Marks : 80
Roll No.:

सामान्यनिर्देशाः
1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 24 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्नपत्रस्वरूपम् -भाग 'क' | : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' | : व्याकरण | 22 अङ्क |
| भाग 'ग' | : पाठ्यपुस्तक | 24अङ्क |
| भाग 'घ' | : लेखन कौशल | 20 अङ्क |

---

## खंड क अपठित गद्यांश

प्रश्न 01 अपठित गद्यांश को पढ़करपूछे गए प्रश्नो के निर्देशानुसार उतर लिखिए -

एक बार गाँधी जी के विद्यालय में निरीक्षक आए थे | गाँधी जी की कक्षा में आकर उन्होंने अंग्रेज़ी में एक श्रुतलेख {डिक्टेशन } दिया | अंग्रेज़ी के अध्यापक कक्षा में घूमते हुए गाँधी जी के पास आकर रुक गए | उन्होंने देखा कि गाँधी जी ने एक शब्द अशुद्ध लिखा है | अध्यापक ने आगे बैठे छात्र की कॉपी में देखकर गलती ठीक करने के लिए गाँधी जी को इशारा किया | गाँधी जी ने उस शब्द को वैसा ही रहने दिया | गाँधी जी नक़ल को बुरी आदत मानते थे | वह कहते थे मनुष्य अपना विकास खुद करता है अतः उसे किसी अन्य के क्रिया कलाप का अनुकरण नहीं करना चाहिए | यह गांधीजी के सत्य का पहला प्रयोग था |

(1) गाँधीजी के विद्यालय में कौन आया था ? [1]

(क) निरीक्षक (ख) भिक्षक
(ग) शिक्षक (घ) परीक्षक

(2) अध्यापक ने गाँधी जी को इशारों से क्या समझाया ? [1]

(क) अपनी गलती (ख) दूसरों की गलती
(ग) गाँधीजी की गलती (घ) बच्चों की गलती

(3) उन्होंने बच्चों को क्या काम दिया ? [1]

(क) श्रुतलेख (ख) सुतलेख
(ग) शीतलेख (घ) हस्तलेख

(4) अंग्रेज़ी के अध्यापक गाँधी जी के पास आकर क्यों रुक गए और उन्होंने गाँधीजी से क्या कहा? [2]

(5) गाँधी जी नक़ल को बुरी आदत क्यों मानते थे और उन्होंने इसका क्या तर्क दिया है ? [2]

प्रश्न 02 अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के निर्देशानुसार उतर लिखिए -

मानव एक गरीब लड़का था | शनिवार को उसके दोस्त साहिर का जन्म दिन था | साहिर ने मानव का जन्मदिन मनाने के लिए अपने घर पर बुलाया | मानव बहुत उदास था क्योकि उसके पास उपहार देने के लिए कुछ भी नहीं था | तभी अचानक उसे याद आया कि उसके पास एक नई किताब थी जो उसके पापा ने उसे ला कर दी थी | उसमे मनोरंजन कहानियाँ थीं | मानव ने साहिर को वह किताब उपहार में दी | साहिर को मानव का उपहार बहुत पसंद आया |

(1) मानव केसा लड़का था ? [1]

(क) अमीर (ख) बहुत धनवान

(ग) गरीब (घ) शांत स्भाव

(2) साहिर का जन्म दिन किस दिन को था ? [1]

(क) मंगलवार (ख) बुधवार

(ग) शनिवार (घ) ऐतवार

(3) साहिर ने मानव को अपना जन्मदिन मनाने के लिए कहाँ बुलाया ? [1]

(क) कक्षा में बुलाया (ख) अपने घर में बुलाया

(ग) सिनेमा घर में बुलाया (घ) पड़ोसियों के घर में बुलाया

(4) साहिर के जन्मदिन में दी गी किताब की क्या विशेषता थी ? [2]

(5) मानव ने साहिर को क्या उपहार दिया और क्यों ? [2]

खंड ख (व्याकरण)

प्रश्न 03 भाषा एवं लिपि पाठ के अनुसार उत्तर दीजिए - (कोई एक) [2]

(क) मौखिक भाषा किसे कहते है ?

(ख) लिखित भाषा किसे कहते है ?

प्रश्न 04 वर्ण -विचार पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए - [2]

(क) हिंदी में वर्णमाला में वर्णों को कितने भागों में बाँटा गया है ?

(ख) हिंदी में स्वरों की संख्या कितनी होती है |

प्रश्न 05 नीचे लिखे शब्दों के तत्सम शब्द से तत्भव रूप में बदलो - ( कोई दो) [2]

(क) सूर्या

(ख) आम्र

(ग) मुख

प्रश्न 06 नीचे दिए गए शब्द का भाववाचक संज्ञा बनाए | ( कोई दो ) [2]

(1) लेखक ने पहले जूलिया से _______से पूछा (कठोर )

(2) --------------- के लिए अन्याय मत सहो (अच्छा )

(3) संज्ञा की परिभाषा लिखिए ?

प्रश्न 07 नीचे दिए गए वाक्य को पहचानिए कि यह कौन सा सर्वनाम है | कोई एक ) [1]

(1) वह मेरी कार है |

(2) आपको कोई बुला रहा है |

प्रश्न 08 नीचे दिया गए विशेषण शब्द को पहचानिए कि यह कौन सा विशेषण है - [2]

(1) मेरे पास दो खिलौने है |

(2) दो लीटर दे दो |

प्रश्न 09 निम्नलिखित वाक्यों में से पहचानिये कौन सा कारक है | ( कोई दो) [2]

(1) माँ ------कपडे धोए |

(2) मैने पुस्तक-----पढ़ा |

(3) राकेश मोहन -----लम्बा है |

प्रश्न 10 उपसर्ग एवं प्रत्यय के आधार पर प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

(क) निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द तथा उपसर्ग अलग कीजिए | ( कोई दो ) [2]

(1) अवगुण --------------------

(2) वि --------------------

(3) अभि --------------------

(ख) निम्नलिखित शब्दों में दार प्रत्यय लगाकर शब्द बनाइए | ( कोई एक) [1]

(1) वाला --------------------

(2) आई --------------------

प्रश्न 11 नीचे लिखे शब्दों के लिंग परिवर्तन करके लिखें | ( कोई एक) [1]

(क) घोड़ा --------------------

(ख) बेटा --------------------

प्रश्न 12 नीचे लिखे शब्द के दो --दो पर्यायवाची शब्द लिखिए | ( कोई दो ) [2]

(क) अहंकार --------

(ख ) आकाश _____

(ग ) आनंद______-

प्रश्न 13 पाठ के आधार पर शब्दों के विलोम शब्द कीजिए - ( कोई एक) [1]

(1) अमीर _____________

(2) अमृत ______________

प्रश्न 14 नीचे दिए गए शब्दों के एकवचन से बहुवचन शब्द बनाओ | ( कोई दो ) [2]

(1) बहन

(2) किताब

(3) पुस्तक

पुस्तकखंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 15 पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उतर के लिए सही विकल्प का चयन करें - [5]

भूल गया है क्यों इनसान |
सबकी है मिटी की काया ,
सब पर नभ की निर्मल की छाया |
यहाँ नही कोई आया है ,
ले विशेष वरदान |
भूल गया है क्यों इनसान |
धरती ने मानव उपजाए ,
मानव ने ही देश बनाए ,
बहु देशों में बसी हुई है ,
एक धरा संतान |
भूल गया है क्यों इनसान |
देश अलग है ,वेश अलग हों ,
मानव का मानव से लेकिन
अलग से अंतर -प्राण |
भूल गया है क्यों इनसान |

(1) कविता भूल गया है क्यों इन्सान में कवि कौन है ?

(क) सोहनलाल द्विवेदी (ख) डॉ हरिवंशराय बच्चन

(ग) रामधारी सिंह दिनकर (घ) रामविलास वर्मा

(2) कविता का मुख्य संदेश क्या है |

(क) धन कमाना चाहिए (ब) हम सब को मिलजुल कर रहना चाहिए

(ग )केवल अपने देश से प्यार करो (घ) दूसरो से अलग रहना चाहिए

(3) कविता के अनुसार मानव किस की संतान है ?

(क) संतोषी माता (ख) धरती माता की

(ग) भारत माता (घ) काली माता

(4) कविता के आधार पर कवि ने "भूल गया है क्यों इंसान" बार-बार क्यों कहा है?

(क) क्योंकि मनुष्य अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करता।

(ख) क्योंकि मनुष्य यह भूल गया है कि सम्पूर्ण मानवजाति एक ही धरती की संतान है।

(ग) क्योंकि मनुष्य अलग-अलग देशों में रहता है।
(घ) क्योंकि मनुष्य विभिन्न प्रकार के वस्त्र धारण करता है।

(5) कथन) कारण–Assertion–Reason) प्रश्न

कथन (A): कवि के अनुसार सम्पूर्ण मानवजाति एक ही परिवार के समान है।

कारण (R): क्योंकि सभी मनुष्य एक ही धरती पर जन्मे हैं और सभी पर एक ही आकाश की छाया है।

विकल्प :

(क( कथन और कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(ख( कथन और कारण दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता।

(ग( कथन सत्य है, किन्तु कारण असत्य है।

(घ( कथन असत्य है, किन्तु कारण सत्य है।

प्रश्न 16 पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - (कोई दो ) [4]

(1) भूल गया है क्यों इनसान इस कविता से आप को क्या सीख मिलती है ?

(2) मैना ने भोजन पाने के बारे में क्या बताया ?

(3) तोते ने मैना से क्या कहा ?

प्रश्न 17 पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए - (कोई एक) [3]

(1) बंधन का सुख कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखो ?

(2) भूल गया है क्यों इनसान इस कविता में कवि ने अलग न अंतर -प्राण होने की बात कही है | स्पष्ट कीजिए ?

प्रश्न 18 पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर के लिए सही विकल्प का चयन करे - [5]

भारत त्योहारों का देश है | जहाँ आए दिन कोई -न-कोई त्योहार मनाया जाता है | भारत के लगभग सभी राज्यों में फसलों से जुड़ा कोई -न-कोई त्योहार मनाया जाता है | सभी राज्यों का अपना अलग -अलग ढंग और अलग -अलग रंग नज़र आता है | मध्य प्रदेश ,उत्तर प्रदेश ,और बिहार में मकर संक्रांति ,केरल में ओणम ,तमिलनाडु में पोंगल,आसाम में बीहू ,गुजरात में पतंग का पर्व ,पंजाब में लोहड़ी ,झारखंड में सरहुल आदि त्योहार फसलों से जुड़े है | तमिलनाडु में फसलों का त्योहार पोंगल के रूप में मनाया जाता है | सभी लोग नए धान कूट कर चावल निकालते है | इस दिन मिटी का नया मटका लाया जाता है | इस मटके के अंदर दूध ,गुड़ ,और नए चावल डालकर धूप में पकने के लिए दिन में दस --बारह बजे तक रख देते है | मटके के मुँह के चारों और साबूत हल्दी बाँध देते है ,क्योंकि हल्दी को शुभ मानते हे | जैसे ही दूध में उब्बाल आता हे और मटके से दूध बाहर गिरने लगता है तभी सभी लोग पोंगला --पोंगला की आवाज़ निकालने लगते है

1 . भारत को किसका देश कहा गया है ?

(क) नदियों का देश (ख) त्योहारों का देश

(ग) पर्वतो का देश (घ) वनो का देश

2. तमिलनाडु में फसलों का त्योहार किस नाम से मनाया जाता है ?

(क) बिहू (ख) लोहड़ी

(ग) पोंगल (घ ) सरहुल

3. पोंगल के अवसर पर नए मटके में क्या डाला जाता है ?

(क) दूध ,गुड़ ,और नए चावल (ख) पानी और चावल

(ग) दूध और फल (घ ) केवल चावल

4. गद्यांश के आधार पर पोंगल के अवसर पर नए चावल, गुड़, दूध तथा नए मिट्टी के मटके का प्रयोग मुख्यतः किस बात का प्रतीक है?

(क) नए बर्तनों के उपयोग की परंपरा का।
(ख) फसल के प्रति कृतज्ञता एवं समृद्धि का उत्सव मनाने का।
(ग) केवल स्वादिष्ट भोजन बनाने की प्रथा का।
(घ) लोगों के मनोरंजन का।

5. कथन) कारण–Assertion–Reason) प्रश्न

कथन (A): पोंगल पर्व पर मिट्टी के नए मटके के चारों ओर साबुत हल्दी बाँधी जाती है।

कारण (R): क्योंकि हल्दी को शुभ एवं मंगल का प्रतीक माना जाता है।

विकल्प :

(क( कथन और कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(ख( कथन और कारण दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता।

(ग( कथन सत्य है, किन्तु कारण असत्य है।

(घ( कथन असत्य है, किन्तु कारण सत्य है।

प्रश्न 19 गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - (कोई दो ) [4]

(1) आंध्र प्रदेश में संक्रांति के दिन क्या =क्या करते है ?

(2) अंत में कहानी सुन रहे शिष्य को क्या समझ में आया ?

(3) बेंजी को जो पेड़ पसंद आया था ,उसकी कीमत क्या थी तथा क़ीमत सुनकर बेंजी क्यों उदास हो गया ?

प्रश्न 20 गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए - (कोई एक) [3]

(1) तमिलनाडु में पोंगल त्यौहार कैसे मनाया जाता है ?

(2) लेखक ने जूलिया को सबक सिखाने के लिए यही तरीका क्यों चुना ?

खंड घ (लेखन-कौशल)

प्रश्न 21 क्रिकेट बैट का एक सुन्दर आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए- [5]

(अथवा )

छाते का एक सुंदर और आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए

प्रश्न 22 डॉक्टर और रोगी के बीच परहेज के बारे में हुए संवाद को 50 से 60 शब्दों में लिखिए | [5]

(अथवा

छात्र और अध्यापक के बीच परीक्षा की तैयारी के विषय पर संवाद 50 से 60 शब्दों में लिखिए |

प्रश्न 23 नीचे दिए गए विषयो में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - [5]

(क) मेरा प्रिय खेल —

संकेत बिंदु -

1. खेल का नाम एवं उसका संक्षिप्त परिचय।
2. मुझे यह खेल क्यों पसंद है।
3. इस खेल के नियम एवं आवश्यक उपकरण।
4. खेल खेलने से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ।
5. नियमित अभ्यास तथा भविष्य में अच्छा खिलाड़ी बनने की इच्छा।

(ख) प्रातः काल की सैर —

संकेत बिंदु -

1. प्रातःकाल का शांत एवं मनोहारी वातावरण।
2. शुद्ध एवं ताज़ी हवा का स्वास्थ्य पर प्रभाव।
3. सैर के दौरान दिखाई देने वाले प्राकृतिक दृश्य।
4. नियमित सैर से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ।
5. सभी को प्रतिदिन प्रातःकाल सैर करने की प्रेरणा।

प्रश्न 24 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए | [5]




--------- शुभकामनाएँ --------